**प्रेस नोट दिनांक 11.08.2025**
**थाना फरीदपुर जनपद बरेली।**

**थाना फरीदपुर #bareillypolice द्वारा वॉछित अभि0 जिला सहकारी बैंक शाखा फरीदपुर के निलम्बित शाखा प्रबंधक को गिरफ्तार किया गया।**

**घटना का संक्षिप्त विवरण/परिचयः-**

जिला सहकारी बैंक शाखा फरीदपुर के कर्म0गण 1.चंद्र प्रकाश पुत्र सोमपाल गंगवार निवासी मकान नंबर 23 तुलसी नगर बरेली 2.दीपक पांडे पुत्र विनोद कुमार D1,107 एलडीए कॉलोनी कानपुर रोड लखनऊ 3.मुकेश कुमार गंगवार पुत्र सुरेंद्र सिंह निवासी ग्राम अहमदाबाद थाना हाफिजगंज जिला बरेली 4.गौरव वर्मा पुत्र देवेंद्र कुमार निवासी ग्राम सेलापुर थाना माधोगंज जिला हरदोई के द्वारा किसान सम्मान निधि व विधवा पेंशन निधि के उपभोक्ताओं के 1,31,06,069.67 रु0 गबन किये गये। जिसके सम्बन्ध में दिनांक 08.07.2025 को फरीदपुर पुलिस पर मु0अ0सं0 540/25 धारा 316(5), 318(4), 336(3), 338, 340(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया था। दिनांक 10.08.2025 को वॉछित अभि0 गौरव वर्मा पुत्र देवेंद्र कुमार वर्मा निवासी ग्राम सेलापुर थाना माधोगंज जिला हरदोई को थाना फरीदपुर क्षेत्र से समय करीब 20.35 बजे गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

**घटना के सम्बन्ध में तथ्यों का सारगर्भित विवरणः-**

दिनांक 08.07.25 को जिला सहकारी बैंक लिमिटेड बरेली के वरिष्ठ सहायक श्री अंकित कुमार की तहरीर पर जिला सहकारी बैंक शाखा फरीदपुर के कर्म0गणों द्वारा किसान सम्मान निधि व विधवा पेंशन निधि के उपभोक्ताओं के 1,31,06,069.67 रु0 गबन के सम्बन्ध में थाना फरीदपुर पर तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0 540/25 धारा 316(5), 318(4), 336(3), 338, 340(2) बीएनएस बनाम 1.चंद्र प्रकाश पुत्र सोमपाल गंगवार निवासी मकान नंबर 23 तुलसी नगर बरेली 2.दीपक पांडे पुत्र विनोद कुमार D1,107 एलडीए कॉलोनी कानपुर रोड लखनऊ 3.मुकेश कुमार गंगवार पुत्र सुरेंद्र सिंह निवासी ग्राम अहमदाबाद थाना हाफिजगंज जिला बरेली 4.गौरव वर्मा पुत्र देवेंद्र कुमार निवासी ग्राम सेलापुर थाना माधोगंज जिला हरदोई पंजीकृत किया गया। जिसकी विवेचना निरीक्षक अपराध श्री रविन्द्र कुमार नैन द्वारा सम्पादित की जा रही है। दिनांक 10.07.2025 को फरीदपुर क्षेत्र से वॉछित अभि0 गौरव वर्मा पुत्र देवेंद्र कुमार वर्मा नि0ग्राम सेलापुर थाना माधोगंज जिला हरदोई को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-**

1. गौरव वर्मा पुत्र देवेंद्र कुमार वर्मा नि0ग्रा0 सेलापुर थाना माधोगंज जिला हरदोई

**पूछताछ एवं अभियुक्त का विवरणः-**

अभि0 गौरव वर्मा पुत्र देवेंद्र कुमार वर्मा नि0ग्रा0 सेलापुर थाना माधोगंज जिला हरदोई उत्तर प्रदेश का निवासी है, पूछने पर बताया कि मैं वर्ष 2022 मई से जिला सहकारी बैंक शाखा फरीदपुर में शाखा प्रबंधक के पद पर नियुक्त था मेरी नियुक्ति के दौरान मेरे साथ लिपिक/केशियर चंद्र प्रकाश एवं लिपिक/केशियर दीपक पांडे भी थे मेरे से पूर्व शाखा प्रबंधक श्री मुकेश कुमार गंगवार थे पूर्व शाखा प्रबन्धक मुकेश कुमार गंगवार के समय में किसान सम्मन निधि और विधवा पेंशन योजना में सरकार से प्राप्त धनराशि में लगभग 40-45 लाख रुपए की धनराशि का गबन हुआ था, मेरी नियुक्ति के दौरान भी लगभग 80-90 लाख रुपए का गबन हुआ है, मैं लिपिक चंद्र प्रकाश के कहने में आ गया। मैंने चंद्र प्रकाश को अपने सिस्टम का आईडी पासवर्ड दे रखा था, चंद्र प्रकाश द्वारा ही मेरे सिस्टम से तमाम लोगों के लगभग साढे पांच सौ खाते गलत आधार नंबर मैपिंग कर खोल दिए तथा किसान सम्मान निधि व विधवा पेंशन के पात्र पुरुष व महिलाओं के खातों से लगभग 90 लाख रुपए निकाल लिए अभी भी लगभग 60 लाख रुपए बैंक में बचे हैं।

**पुलिस टीम का विवरणः-**

1. निरीक्षक अपराध श्री रविन्द्र कुमार नैन थाना फरीदपुर जिला बरेली।
2. उ0नि0 श्री लोकेश तोमर थाना फरीदपुर जिला बरेली।
3. का0 3734 महेश थाना फरीदपुर जिला बरेली।